समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# SRH vs DC मैच रद्द होने से बढ़ी KKR, LSG की टेशंन, रोमांचक हुई प्लेऑफ की लड़ाई ; जानिए सभी 7 टीमों का समीकरण।

Publisher
Published on 06 May 2025




**सोमवार को हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच रद्द होने से कई टीमों की टेशंन बढ़ गई है. आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ अब और भी रोमांचक हो गई है.**

IPL 2025 में 55 मैच खेले जा चुके हैं लेकिन अभी तक एक टीम भी प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई है. सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से टॉप 4 में पहुंचने की लड़ाई और भी रोमांचक हो गई है. चलिए आपको सभी टीमों का समीकरण समझाते हैं.

RCB टीम ने 11 मैचों में 8 जीते हैं और 3 हारे हैं. 16 अंकों के बावजूद उसका प्लेऑफ का टिकट कन्फर्म नहीं हुआ है. हालांकि ऐसा लगभग कन्फर्म है क्योंकि इन अंकों के साथ भी अन्य टीमों के नतीजे आरसीबी को प्लेऑफ तक पहुंचा सकते हैं. वैसे आरसीबी की नजर प्लेऑफ से ज्यादा टॉप 2 में बने रहने की भी होगी क्योंकि इन टीमों को फाइनल में पहुंचने के 2 मौके मिलते हैं.

पंजाब किंग्स 11 मैचों में 7 जीत के साथ दूसरे स्थान पर है, उसका एक मैच रद्द हुआ था इसलिए श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इस टीम के 15 अंक हैं. उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 1 मैच और जीतना है.

### SRH vs DC मैच रद्द होने से इन टीमों की बढ़ी टेशंन

हैदराबाद के साथ मैच रद्द होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में 5वें स्थान पर है, उसके 13 अंक हैं. 3 मैच उसके अभी बचे हुए हैं, जिन्हे जीतकर टीम 19 अंक तक पहुंच सकती है. दिल्ली को अगले 3 मैचों में कम से कम 2 मैच जीतने होंगे. लेकिन दिल्ली का मैच रद्द होने से कई टीमों की टेंशन बढ़ गई है.

कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स की टेंशन भी बढ़ गई है, क्योंकि अब

एक हार उन्हें पीछे भी कर सकती है. केकेआर ने 11 में से 5 मैच जीते हैं, उसके 11 अंक हैं और वह तालिका में छठे नंबर पर है. उसके अब 3 मैच बचे हैं और वह सभी जीतकर 17 अंकों तक पहुंच सकती है. केकेआर की तरह लखनऊ ने भी 11 में से 5 मैच हारे हैं, उसे पिछले 3 मैचों में लगातार हार झेलनी पड़ी है. 10 अंकों के साथ टीम 7वें नंबर पर है. लेकिन अगर दिल्ली पिछला मैच हार जाती तो उसके लिए राहत भरी खबर रहती. आज MI बनाम GT मैच रोमांचक होगा.

**आज MI vs GT के बीच महत्वपूर्ण लड़ाई**

आज वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच प्लेऑफ के लिहाज से महत्वपूर्ण मैच है. जो टीम जीतेगी उसके 16 अंक हो जाएंगे और उसकी प्लेऑफ में जगह लगभग कन्फर्म हो जाएगी. जबकि हारने वाली टीम के सामने मुश्किल खड़ी हो जाएगी. इस मैच से पहले एमआई 11 मैचों में 7 जीत के साथ तीसरे और जीटी 10 में 7 जीत के साथ चौथे स्थान पर है. दोनों के 14-14 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट (+1.274) के आधार पर मुंबई आरसीबी (+0.482) से भी बेहतर है.

RCB: 3 में से 1 मैच जीतना होगा
PBKS: 3 में से 2 मैच जीतने होंगे
MI: 2 में से 2 मैच जीतने होंगे
GT: 4 में से 2 मैच जीतने होंगे
DC: 3 में से 3 मैच जीतने होंगे (19 अंक तक पहुंच सकती है)
KKR: 3 में से 3 मैच जीतने होंगे (17 अंक तक पहुंच सकती है)
LSG: 3 में से 3 मैच जीतने होंगे (16 अंक तक पहुंच सकती है)
IPL 2025 आने वाले 5 महत्वपूर्ण मुकाबले

MI vs GT: 6 मई
KKR vs CSK: 7 मई
PBKS vs DC: 8 मई
LSG vs RCB: 9 मई
SRH vs KKR: 10 मई
IPL 2025 से बाहर होने वाली टीमें

सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है. उससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स का खिताब जीतने का सपना टूट गया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.